Bhartiyam International School

Periodic Assessment – 1 (2022-23)
Subject:Hindi (Set-1)
Class:IV

Date: 12/06/2022 **Max. Mark: 20**
Name: ________________ **Roll No: _______** **Duration: 1 hr**

निर्देश- 1. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं |
2. कार्य सुलेख के साथ करें |
3. प्रश्नों के उत्तर यथासंभव क्रमानुसार दें |

खंड-क (पठन पाठन)

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें- **(4)**

हमारे देश का नाम भारत है | इसकी संस्कृति बहुत पुरानी है |प्राचीन काल में इसे सोने की चिड़िया कहा जाता था | दूर –दूर के देश के लोग यहाँ व्यापार करने आते थे |इसके उत्तर में हिमालय है, जो दुनिया का सबसे ऊँचा पर्वत है, इसके दक्षिण में विशाल हिंद महासागर है | हिमालय से अनेक पवित्र नदियाँ निकलती हैं | ये नदियाँ देश को हरा-भरा रखती हैं | हमारे देश में राम- कृष्ण जैसे बुद्ध, विवेकानंद और गांधी जी जैसे महान पुरुषों ने जन्म लिया | भारत में अनेक धर्म और जातियों के लोग रहते हैं |भारत में सारे त्यौहार खुशियों के साथ मिलकर मनाए जाते हैं | भारत दुनिया में अपनी एकता के लिए बहुत प्रसिद्ध है |

(क) प्राचीन काल में भारत को क्या कहा जाता था ?
(ख) दूर-दूर के देश के लोग भारत क्यों आते थे ?
(ग) भारत के उत्तर में क्या है ?
(घ) भारत के दक्षिण में क्या है ?

खंड-ख (व्याकरण)

2. दिए गए गद्यांश से चार विशेषण छाँटकर लिखें- **(0.5×4=2)**

एक भूल की सजा मैं आज तक पा रहा हूँ | लिखाई में अक्षर सुन्दर होने की ज़रूरत नहीं है, यह गलत विचार मेरे मन में इंग्लैंड जाने तक रहा | आगे चलकर दूसरों के मोती जैसे अक्षर देखकर मैं बहुत पछताया| मैंने देखा की अक्षर बुरे होना अपूर्ण शिक्षा की निशानी है |

3. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखें- **(1×2=2)**

(क) आग (ख) मित्र

खंड-ग (पाठ्य पुस्तक)

4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें– **(0.5×4=2)**

(क) हम एक ही____________से सींचे गए है |
(ख) काँटों में मिलकर हम सबने हँस-हँसकर______सीखा है |
(ग) सुबह की हवा सेहत के लिए ____________ होती है |

(घ) __________जल्दी उठने की आदत अच्छी होती है |

5. एक या दो शब्दों में दीजिये- **(0.5×4=2)**

(क) हम कौन से सूत्र से बँधें हैं ?

(ख) हमारा माली कौन है ?

(ग) इरा को योग प्रदर्शन कब करना था ?

(घ) किन्ही दो प्राणायामों के नाम लिखिए |

6. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर उनके वाक्य प्रयोग कीजिये- **(1×2=2)**

(क) सूत्र (ख) प्रदर्शन

7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **(1×2=2)**

(क) फूलों की क्या-क्या विशेषताएँ होती हैं ?

(ख) योग का क्या अर्थ है ?

(ग) उपवन के फूलों को क्या-क्या समान चीज़ें प्राप्त होती हैं ?

(घ) योग से मिलने वाले कोई दो लाभ लिखिए |

खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

8. गर्मी की छुट्टियाँ आपने कैसे बिताई, यह बताते हुए अपनी दादी जी को पत्र लिखिए- **(4)**